हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 17 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 36 .5 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

13 हरियाणा सिलेब्रिटी लीग की शुरूआत आठ टीमों ...




14 गणित विषय के आकलन में 90% से ज्यादा छात्र रहे मौजूद



## खबर संक्षेप

### विश्वकर्मा जयंती में शामिल होंगे भाजपा कार्यकर्ता

**गोहाना।** रोहतक की नई अनाज मंडी में 17 सितम्बर को भगवान विश्वकर्मा जयंती समारोह (विश्वकर्मा महाकुंभ) के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। समारोह के अध्यक्ष राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा होंगे। पिछड़ा एवं अनुसूचित समाज महासभा गोहाना के संरक्षक प्रो. शमशेर भंडेरी ने लोगों से समारोह में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की। यह समारोह प्रातः 10 बजे शुरू होगा।

### फैमिली आईडी की त्रुटियां कल दूर होंगी

**सोनीपत।** हरियाणा सरकार के फॅमिली आईडी विभाग द्वारा फॅमिली आईडी की त्रुटियां दूर करने एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए विशेष कैम्प आगामी 18 सितंबर को सुबह 10.30 बजे मेयर राजीव जैन के पुरखास अड्डा स्थित कार्यालय में आयोजित किया जायेगा। कैम्प में विभाग के स्टेट कोऑर्डिनेटर सतीश खोला अपनी समस्त टीम के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### किशोरी ने निगला जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

**सोनीपत।** देवुडु गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में 16 वर्षीय किशोरी ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। किशोरी की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तुरंत नागरिक अस्पताल सोनीपत में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे महिला मेडिकल कॉलेज खानपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### लाखों की ठगी करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट वेस्ट (सीआईए-1) सोनीपत की पुलिस ने गन लाइसेंस बनवाने, वीजा लगवाने और प्लॉट दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान हरीश निवासी गांव टांडा, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



### मेगा मार्ट वाली गली का स्लैब सप्ताह भर से टूटा

**खरखौदा।** दिल्ली मार्ग स्थित मेगा मार्ट वाली गली में नाले पर डाला गया स्लैब सप्ताह भर से टूटा हुआ है। जिससे गली में आना-जाना दूभर हो गया है। दोपहिया ही नहीं कार आदि वाहनों के लिए वर्णित गली से गुजरना खतरे से खाली नहीं है। वाहन तो वाहन पैदल चलना भी दूभर हो गया है। स्थानीय निवासियों ने नगरपालिका को उत्पन्न समस्या से अवगत करा दिया था। इसके बावजूद समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। शायद पालिका को किसी बड़े हादसे की दरकार है।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष ने की नई नियुक्तियां

**गोहाना।** भाजपा जिला गोहाना ओबीसी मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश रोहिल्ला ने अपनी कार्यकारिणी में नई नियुक्तियां की हैं। नई नियुक्तियां पार्टी गोहाना जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक से विचारविमर्श के बाद की गई।

कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश रोहिल्ला ने अपनी कार्यकारिणी में काठमंडी गोहाना निवासी संदीप जांगड़ा और गांव जवाहरा निवासी धर्मपाल कश्यप को जिला महामंत्री, गांव आहुलाना निवासी अजय स्वामी को जिला आईटी प्रमुख और गांव गढ़ी उजाले खां निवासी कुलदीप कश्यप को गोहाना मंडल के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**स्वास्थ्य विभाग अलर्ट:** डेंगू के कुल केस 46, सफाई अभियान तेज किया

# जिले में डेंगू और चिकनगुनिया का प्रकोप बढ़ा, 7 और नए मरीज मिले

*स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार अब तक जिले में डेंगू के कुल 46 मरीज और चिकनगुनिया के दो मरीज मिल चुके है। विभाग की तरफ से लोगों को जागरूक करने व लारवा मिलने पर नोटिस जारी करने के अभियान को तेज कर दिया है।*



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

बारिश का मौसम खत्म होने के बाद जिले में डेंगू और चिकनगुनिया के मामले तेजी से बढ़ने लगे हैं। मंगलवार को जिले में डेंगू के छह नए मरीज और चिकनगुनिया का एक मरीज सामने आया है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार अब तक जिले में डेंगू के कुल 46 मरीज और चिकनगुनिया के दो मरीज मिल चुके है। विभाग की तरफ से लोगों को जागरूक करने व लारवा मिलने पर उसे नष्ट करने के साथ लापरवाही बरतने वालों को नोटिस जारी करने के अभियान को तेज कर दिया है। बता दें कि बारिश के बाद जहां-तहां पानी जमा हो जाने से मच्छरों के पनपने के लिए अनुकूल वातावरण बन गया है। वर्तमान में तापमान 30 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने से डेंगू के मच्छरों के प्रजनन के लिए यह मौसम सबसे उपयुक्त माना जा रहा है।


सोनीपत। फिजिशियन ओपीडी में मरीजों की जांच करते हुए चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### डोर-टू-डोर सर्वे के लिए 165 टीमें लगाई

स्वास्थ्य विभाग ने बढ़ते मामलों को देखते हुए डोर-टू-डोर सर्वे की गति तेज कर दी है। इस अभियान में 166 टीमें सक्रिय हैं, जो घर-घर जाकर मच्छर जनित लारवा की जांच कर रही हैं। जहां भी लारवा पाया जा रहा है, वहां नोटिस जारी किए जा रहे है। साथ ही, मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी बढ़ा दिया गया है। **-डॉ. आशा सहरावत**, जिला नोडल अधिकारी।

### लोग खतरे के प्रति गंभीर नहीं

लेकिन लोग इस खतरे को लेकर अभी भी गंभीर नहीं दिख रहे। छतों और घरों में पानी जमा होने देने के साथ-साथ एसी और कूलर की नियमित सफाई में लापरवाही बरतने से डेंगू फैलने का खतरा और बढ़ रहा है। वहीं चिकित्सक डा. शैलेंद्र राणा ने बताया कि इस समय न तो ज्यादा गर्मी है और न ही ज्यादा सर्दी, ऐसे में यह मौसम डेंगू और मलेरिया के मच्छरों के प्रजनन के लिए बेहद अनुकूल है। उन्होंने लोगों से अपील की कि घर के आसपास पानी न जमा होने दें और नियमित सफाई पर विशेष ध्यान दें। यदि किसी को तेज बुखार, बदन दर्द, सिर दर्द या प्लेटलेट्स कम होने जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी अस्पताल में जाकर जांच और इलाज कराएं। डा. राणा ने कहा कि शुरुआती लक्षणों को हल्के में न लें, क्योंकि समय पर इलाज मिलने से मरीज को गंभीर स्थिति से बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि डेंगू के नए मरीज मिलने के बाद विशेष रूप से अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में लारवा नष्ट करने और सफाई अभियान को तेज किया गया है।

### इन क्षेत्रों में मिले मरीज

मंगलवार को मिली रिपोर्ट में छह डेंगू मरीजों में तीन मरीज सोनीपत शहर के है। वहीं, गांव मलिकपुर, ईशापुर खेड़ी और औरंगाबाद से एक-एक मरीज मिला है। इसके अलावा गांव दीपालपुर में चिकनगुनिया का एक मरीज पाया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने इन क्षेत्रों में लोगों को डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव के लिए जागरूक करने का अभियान भी शुरू कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से साफ-सफाई को लेकर लोगों को प्रेरित किया जा रहा है, ताकि इन बीमारियों के प्रसार को समय रहते रोका जा सके।

## सीबीएसई नेशनल बॉक्सिंग में अनुष्का शर्मा ने जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

महेंद्रगढ़ में 11 से 15 सितंबर के मध्य सीबीएसई नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक बॉक्सरों ने हिस्सा लिया। हैप्पी चाईल्ड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महलाना रोड अकैडमी की अनुष्का शर्मा ने भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। अनुष्का ने अंडर 17 के 80 किलोग्राम भार वर्ग बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। कोच नितेश दहिया और दीक्षा दहिया ने बताया कि अनुष्का एसजीएफआई नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप और खेलो इंडिया बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए चयनित हो गई है, उन्होंने उसकी इस विजय का श्रेय उनकी लगन और खेल भावना को दिया। विद्यालय पहुंचने पर संस्था के अध्यक्ष नरेंद्र बाल्यान, प्राचार्या सुदेश बाल्यान व निदेशका तमन्ना निझावन ने विजेता अनुष्का का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर अन्य स्कूल सदस्य भी उपस्थित रहे।


विजेता बॉक्सर के साथ कोच।

## करंट से 18 वर्षीय युवक गंभीर रूप से झुलसा

**पीजीआई रोहतक रेफर, हालत नाजुक**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

करंट लगने से एक 18 वर्षीय युवक गंभीर रूप से झुलस गया। घायल युवक की पहचान पटेल नगर निवासी शानू के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल नागरिक अस्पताल सोनीपत लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार चल रहा है। शानू घर के पास किसी काम में व्यस्त था, तभी कूलर की तार से उसे अचानक करंट लग गया। करंट लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा। शोर सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों ने बताया कि शानू तबीयत ठीक है। सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना पुलिस भी अस्पताल पहुंची और परिजनों से घटना की जानकारी ली। शानू के पिता ने बताया कि वह काम कर रहा था। उसी दौरान कूलर के प्लग में करंट आ गया। जिसके बाद वह बेसुध होकर गिर गया। फिलहाल हालत ठीक है। पीजीआई रोहतक में युवक का उपचार चल रहा है।

### एनएच-44 पर तेज रफ्तार का कहर, 35 वर्षीय युवक घायल

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 (एनएच-44) पर सोमवार देर रात तेज रफ्तार के कारण हुए सड़क हादसे में 35 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान करनाल निवासी अमन (35) के रूप में हुई है। हादसा उस समय हुआ जब अमन किसी काम से सोनीपत की ओर आ रहा था। अचानक तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायल को नागरिक अस्पताल सोनीपत पहुंचाया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। हालांकि, चोटें अधिक गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे तुरंत पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया।

■ युवक की नाजुक हालत को देखते हुए पीजीआई रोहतक रेफर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली बोले

## प्रदेश में हर लोकसभा क्षेत्र में बनेगी आईएमटी

*सात आईएमटी के लिए सरकार ने अधिसूचना कर चुकी है जारी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि प्रदेश में हर लोकसभा क्षेत्र में एक आईएमटी बनेगी। सोनीपत लोकसभा की आईएमटी खरखौदा में बन रही है। एक सवाल में जवाब में कि क्या बरोदा हलका में आईएमटी बनेगी। सोनीपत जिले की आईएमटी खरखौदा में बन रही है। वे मंगलवार को पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली भाजपा नेता बलराम कौशिक के भतीजे को श्रद्धांजलि देने उनके पैतृक गांव बड़ौता पहुंचे। उसके बाद जिला गोहाना भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू हुए। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में प्रदेश की हर लोकसभा में एक आईएमटी बनाने की घोषणा की है। इस मौके पर उनके साथ जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, डॉ. धर्मवीर नांदल, जिला महामंत्री महेंद्र चिड़ाना एवं जितेन्द्र शर्मा, परमवीर सैनी, जगबीर जैन, डॉ. राममेहर राठी, प्रवीण खुराना और एडवोकेट संतराम बाल्मिकी आदि उपस्थित थे।


गोहाना। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मोहनलाल बड़ौली। फोटो : हरिभूमि

### रोजगार के अवसर खुलेंगे

इनमें से सात आईएमटी के लिए अधिसूचना भी जारी हो चुकी है। कई जगह जमीन भी उपलब्ध हो चुकी है। सोनीपत लोकसभा में खरखौदा में आईएमटी बन रही है। आईएमटी बनाने को लेकर लोग काफी खुश हैं। वे जानते हैं कि इससे रोजगार के अवसर खुलेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दस आईएमटी बनाने का वादा किया है।

### आईटीआई में ऑन द स्पॉट दाखिले अब 30 सितंबर तक

**गन्नौर।** हरियाणा राज्य की सभी आईटीआई में ऑन द स्पॉट अब 30 सितंबर तक दाखिले ले सकेंगे । आईटीआई राजलूगढी के वर्ग अनुदेशक इंचार्ज अशोक कुमार नेवबताया कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा हरियाणा राज्य में स्थित सभी राजकीय आईटीआई में रिक्त सीटों को देखते हुए ऑन द स्पॉट दाखिलों की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 सितंबर कर दी गई है, जो प्रार्थी पहले आवेदन करने से वंचित रह गए थे वह भी अब 30 तक आवेदन करते हुए मेरिट के आधार पर सीधे दाखिला पा सकते हैं। यह दाखिले नए व पुराने आवेदनों की संयुक्त मेरिट के आधार पर किया जाएगा। आईटीआई राजलू गढ़ी में कुल 284 सीटों पर दाखिले होने थे जिसमें से विभिन्न व्यवसायों फिटर, कोपा, वेल्डर, प्लंबर,पेंटर, स्टेनो हिंदी आदि में अभी भी सिटें रिक्त है।

■ दाखिले नए व पुराने आवेदनों की संयुक्त मेरिट के आधार पर किया जाएगा

निर्माण 2003 में पूरा होने के बावजूद पानी के लिए तरस रहे थे लोग

## वर्षों बाद गढ़ी ब्राह्मणान में शुरू हुई नहरी पानी की आपूर्ति

*गढ़ी ब्राह्मणान एवं आसपास की कॉलोनियों के लोगों को मिलेगा लाभ*

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

वर्षों बाद गढ़ी ब्राह्मणान एवं आसपास की कॉलोनियों को नहरी पानी की आपूर्ति शुरू हो गई है। नगर निगम कर्मचारियों ने महलाना रोड पर पेयजल की मुख्य लाइन से गांव का कनेक्शन जोड़ने का कार्य पूरा किया। सोमवार रात 10 बजे नगर निगम मेयर राजीव जैन मौके पर पंहुचे और कनेक्शन जुड़वाकर प्रसाद वितरित किया। राजीव जैन ने बताया कि गढ़ी ब्राह्मणान की जमीन में वर्ष 1998 में महलाना गांव के पास पश्चिमी यमुना नहर से लाइनपार क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के लिए लाइन बिछाकर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की शुरुआत की गई थी जिसका निर्माण वर्ष 2003 को पूरा हुआ। बावजूद गढ़ी ब्राह्मणान वासी पेयजल को तरस रहे थे।


सोनीपत। रात को नहरी पानी की आपूर्ति शुरू करवाते हुए मेयर राजीव जैन व अन्य।

### मेयर राजीव जैन मौके पर पहुंचे

जैन ने बताया कि नागरिक एवं आसपास विशेषकर सरस्वती कॉलोनी वासी कई बार पानी की समस्या को लेकर मिले और उन्हें ककरोई रोड पर बने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट शुरू होने के बाद कनेक्शन करवाने का आश्वासन दिया था। देर रात कनेक्शन होने के बाद नागरिकों ने खुशी का इजहार किया। राजीव जैन ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के दूसरे टैंक की सफाई का भी निरीक्षण किया और बताया कि गंदे पानी की शिकायतों के चलते एक टैंक की सफाई 15 दिन पहले करवा दी गई थी। मेयर राजीव जैन ने कालूपुर चुंगी स्थित नए बने बूस्टिंग स्टेशन का भी दौरा किया और जल्द से जल्द पेयजल की आपूर्ति शुरू करने के निर्देश दिए।

## हिस्ट्रीशीटर शक्ति की हत्या के मामले में तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

राजपुर गांव में हिस्ट्रीशीटर शक्ति की हत्या के मामले में थाना बड़ी पुलिस ने हत्या में संलिप्त तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बिजेंद्र व कृष्ण निवासी राजपुर जिला सोनीपत व संदीप निवासी पटेल नगर, गन्नौर के रहने वाले हैं। गिरफ्तार आरोपितों को पुलिस ने अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड अवधि के दौरान हत्या के कारणों व हत्या में प्रयुक्त हथियारों को बरामद किया जाएगा। बता दें कि सोमवार तड़के राजपुर निवासी शक्ति बिजेंद्र के आरओ प्लांट पर गया था, जहां दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। इसी दौरान बिजेंद्र उसके भाई कृष्ण, सुंदर, जोगेंद्र व भतीजे राहुल व आकाश सहित अन्य ने लाठी-डंडों से शक्ति पर हमला कर दिया और उसकी गाड़ी भी तोड़ दी। हमले में गंभीर चोट लगने से शक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की मां शीला देवी की शिकायत पर बिजेंद्र उसके भाई कृष्ण, सुंदर, जोगेंद्र व भतीजे राहुल, आकाश व अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया था।


गन्नौर। हिस्ट्रीशीटर शक्ति की हत्या के मामले में गिरफ्तार हुए आरोपित बिजेंद्र, कृष्ण व संदीप।

### प्रापर्टी विवाद में हत्या

एसीपी ऋषिकांत ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि शक्ति व बिजेंद्र के बीच प्रापर्टी विवाद था। जिस कारण शक्ति उसके आरओ प्लांट पर गया था। इस दौरान उनमें झगड़ा हुआ और बिजेंद्र ने अपने भाइयों, भतीजों व अन्य के साथ मिल कर शक्ति की पीट-पीट कर हत्या कर दी।

**कार्यक्रम** भगत फूल सिंह महिला विवि में कार्यशाला में बोलीं कुलपति प्रो. सुदेश

## साइबर सुरक्षा के सिद्धांतों को समझना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इंजीनियरिंग दिवस पर साइबर सुरक्षा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। मार्गदर्शन विवि के सिस्को-नोडल अधिकारी डॉ. विनोद सरोहा का रहा। यह कार्यशाला सिस्को नेटवर्किंग अकादमी व एनआईआईटी टेक्नोलॉजीज के सहयोग से संपन्न हुई।

मुख्य अतिथि महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा केवल एक तकनीकी आवश्यकता नहीं अपितु हमारी व्यक्तिगत, शैक्षणिक और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण विषय है। इंटरनेट और आधुनिक तकनीकों ने जहां हमें नई संभावनाएं और सुविधाएं प्रदान की हैं वहीं इनके दुरुपयोग से कई गंभीर खतरे भी उत्पन्न हुए हैं। कुलपति ने कहा कि प्रत्येक छात्रा, शिक्षक तथा कर्मचारी के लिए यह आवश्यक है कि वे साइबर सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांतों को समझें और उनका पालन करें। सुरक्षित पासवर्ड का उपयोग, व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता बनाए रखना, संदिग्ध लिंक्स पर क्लिक न करना और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहना ये सभी हमारी सुरक्षा की पहली सीढियां हैं। वे बोली कि सुरक्षित डिजिटल वातावरण ही सशक्त और प्रगतिशील भारत की नींव है। कार्यशाला में सिस्को के साइबर सुरक्षा प्रशिक्षक गोविंद शर्मा एवं स्टूडेंट एंगेजमेंट ऑफिसर मिस सुमन मोंडल ने बतौर प्रशिक्षक छात्राओं को साइबर सुरक्षा के हर पहलू पर बात की। समापन डॉ. विनोद सरोहा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्रो. (डॉ.) विजय नेहरा, अधिष्ठाता, अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय, डॉ सोनल बेनीवाल, चेयरपर्सन कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, डॉ. प्रियंका आनंद, चेयरपर्सन, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग व डॉ. आशीष हुड्डा, प्रभारी, फैशन टेक्नोलॉजी विभाग मौजूद रहे।


गोहाना। कार्यशाला को सम्बोधित करतीं कुलपति प्रो . सुदेश। फोटो : हरिभूमि

### खतरों की पहचान एवं समाधान

तकनीकी सत्र की शुरुआत में विशेषज्ञों ने साइबर सुरक्षा की अवधारणा और डिजिटल युग में इसकी बढ़ती आवश्यकता पर चर्चा की। इनमें प्रमुख रूप से साइबर खतरों की पहचान एवं समाधान पर हैंड्स-ऑन प्रैक्टिस सेशन ,फिशिंग, रैनसमवेयर, सोशल इंजीनियरिंग जैसे साइबर हमलों पर चर्चा, डार्क वेब और उससे जुड़ी चुनौतियों की जानकारी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं साइबर सुरक्षा में इसकी भूमिका। एथिकल हैकिंग, साइबर हाइजीन एवं मजबूत डिजिटल पहचान के महत्व तथा वास्तविक केस स्टडी के माध्यम से साइबर सुरक्षा उल्लंघनों के व्यावहारिक पहलुओं को समझना रहा।



# द वाइब्स ग्लैमरस महिलाओं की अनकही सच्चाई को लाएगी सामने

**मुंबई।** फैशन, चांदनी बार, हीरोइन और पेज 3 जैसी फिल्मों से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना चुके मधुर भंडारकर अपने दमदार निर्देशन के लिए पहचाने जाते हैं। उनकी फिल्में लोगों के मनोरंजन के साथ ही सामाजिक मैसेज का भी काम करती हैं। अपनी नई फिल्म द वाइव्स को लेकर मधुर भंडारकर ने एक खास पोस्ट शेयर किया है। 'द वाइब्स' में मधुर बॉलीवुड सेलेब्स की पत्नियों की कहानी को दिखाएंगे। उनकी फिल्म 'द वाइव्स' बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस महिलाओं के पीछे छिपी अनकही सच्चाई को लोगों के सामने लाएगी। मधुर ने अपनी कुछ शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'द वाइव्स' मेरा 16वां प्रोजेक्ट है।

लाइफ Style

# अनीत

## फातिमा संग न्याय में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में सिनेमाघरों में बवंडर मचा चुकी लव स्टोरी फिल्म 'सैयारा' की एक्ट्रेस अनीत पड्डा अब फातिमा सना शेख के साथ नजर आनेवाली हैं। इस फिल्म में लीड रोल में ब्रिटिश ड्रामा सीरीज 'इंडियन समर्स' एक्टर अर्जुन माथुर भी हैं। ये एक कोर्टरूम ड्रामा है जिसका टाइटल 'न्याय' रखा गया है।



नित्या मेहरा द्वारा निर्देशित यह फिल्म अन्याय से लड़ने वाले एक युवा सर्वाइवर की कहानी है। अहान पांडे के साथ अनीत पड्डा को अपनी हिट रोमांटिक ड्रामा 'सैयारा' के लिए खूब तारीफें मिली हैं। इस वक्त ये फिल्म ओटीटी (नेटफ्लिक्स) पर आ चुकी है और घर बैठे लोग इस फिल्म का लुत्फ उठा रहे हैं। ओटीटी पर फिल्म के अच्छा परफॉर्म करने के बाद, एक्ट्रेस ने एक नई फिल्म 'न्याय' साइन की है।

खबरों के मुताबिक, वो इस फिल्म में न्याय के लिए लड़ रहीं एक युवा पीड़िता का किरदार निभाएंगी। इसम फिल्म में फातिमा सना शेख और अर्जुन माथुर लीड रोल में हैं। अनीत ने एक कोर्टरूम ड्रामा साइन किया है जो महिलाओं के साथ अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ेगी। इस फिल्म में वो एक ऐसी पीड़िता की भूमिका निभाएंगी जो अपने साथ दुर्व्यवहार करने वाले एक आध्यात्मिक गुरु के खिलाफ बहादुरी से खड़ी होती है। इस फिल्म की कहानी उनके किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है और यही पूरी कहानी में भावनात्मक गहराई लाता है। इस फिल्म का निर्देशन 'बार-बार देखो' और 'मेड इन हेवन' जैसी फिल्मों से प्रसिद्धि पा चुकीं नित्या मेहरा करेंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# लास्ट ट्रेन टू... से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर गीतकार बॉबी हार्ट का निधन हो गया है। गीतकार प्रसिद्ध बॉयस और हार्ट गीतकार जोड़ी का एक हिस्सा थे। उन्हें 'द मोंकीज के लिए कुछ बेहद हिट गानें, जैसे आई वाना बी फ्री और लास्ट ट्रेन टू क्लार्क्सविले के लिए जाना जाता था। बॉबी हार्ट गीत लेखन के दिग्गज, जो मोंकीज के कई गानों के लिए जिम्मेदार जोड़ी का हिस्सा थे, उनका निधन हो गया है। अपने साथी टॉमी बॉयस के साथ, बॉबी ने आई वन्ना बी फ्री, लास्ट ट्रेन टू क्लार्क्सविले जैसे प्रतिष्ठित मोंकीज थीम और कई अन्य ट्रैक लिखे।




# बचपन से ही संगीत में रही गहरी दिलचस्पी, 7 की उम्र में अभिनय

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सिंगर, सॉन्गराइटर और एक्टर निक जोनस का सफर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। बचपन से ही संगीत में उनकी गहरी दिलचस्पी रही। महज छह साल की उम्र में उन्होंने गाना गाकर सबको हैरान कर दिया था और तभी से तय हो गया कि वो अपना कॅरियर म्यूजिक इंडस्ट्री में ही बनाएंगे। निक न सिर्फ अपनी गायकी और म्यूजिकल बैंड के लिए मशहूर हैं, बल्कि बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा के पति होने की वजह से भारत में भी उनका जबरदस्त क्रेज है। सिर्फ सात साल की उम्र में निक ने थिएटर शो ए क्रिसमस कैरोल में अभिनय किया। इसके साथ ही उन्होंने जॉय टू द वर्ल्ड नाम का गाना लिखा जिसे बाद में रिकॉर्ड लेबल ने रिलीज किया। इतनी कम उम्र में मिले इस मौके ने उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया। साल 2005 में निक ने अपने भाइयों जो और केविन के साथ मिलकर जोनस ब्रदर्स नाम का बैंड बनाया।



# पसंद आया गूगल जेमिनी का ट्रेंड

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर ट्रेंड लगातार बदलते रहते हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर गूगल जेमिनी के जरिए फोटोज को एडिट करने का ट्रेंड चल रहा है। इसमें अलग-अलग तरह से लोग अपनी फोटोज को एडिट कर रहे हैं। इन्हीं में एक है गूगल जेमिनी का 'हग माई यंगर सेल्फ' ट्रेंड। अब सेलेब्स भी इस ट्रेंड में रुचि ले रहे हैं और अपनी तस्वीरें एडिट कर रहे हैं। इसी क्रम में अब अभिनेत्री आलिया भट्ट को भी ये ट्रेंड पसंद आया है और उन्होंने अपनी बचपन की एक तस्वीर को गले लगाए हुए अपनी आजकल की एक तस्वीर शेयर की है। आलिया भट्ट के एक फैन पेज ने एक्ट्रेस के आजकल के रूप को उनके बचपन की फोटो को गले लगाते हुए एक प्यारा सा एडिट किया। तस्वीर पर कैप्शन लिखा था, 'मैं नहीं कर सकती, आज छोटा वाला कितना गर्व महसूस कर रहा होगा।'




# जॉली एलएलबी-3 पर चली सेंसर की कैंची

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। दर्शकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह है, क्योंकि लंबे समय बाद दोनों जॉली एक साथ कोर्टरूम ड्रामा में भिड़ने वाले हैं। लेकिन, रिलीज से पहले इस फिल्म पर सेंसर बोर्ड की कैंची चल चुकी है। बोर्ड ने फिल्म को यू/ए सर्टिफिकेट तो दे दिया है, लेकिन आठ अहम बदलाव भी करवाए हैं। दरअसल, 2 सितंबर को फिल्म को सर्टिफिकेट जारी हुआ। करीब 2 घंटे 37 मिनट और 16 सेकंड की इस फिल्म में बोर्ड ने ऐसे सीन और शब्द हटवाए, जिन्हें आम दर्शकों के लिए आपत्तिजनक माना जा सकता था। हालांकि, यह सभी बदलाव मामूली हैं और फिल्म की कहानी या प्रभाव पर कोई खास असर नहीं डालेंगे।

## टीवी मसाला



# 25 लाख के सवाल पर गुजरात की कंटेस्टेंट ने किया क्विट...

**नई दिल्ली।** महानायक अमिताभ बच्चन का शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17 इन दिनों चर्चा में बना हुआ है। इसमें कंटेस्टेंट हिस्सा लेते हैं। अपने ज्ञान के दम पर लाखों रुपए जीतते हैं। सोमवार के एपिसोड में फास्टेट फिंगर फर्स्ट सवाल का जवाब देखकर सारिका जोशी हॉट सीट पर बैठीं। वह भावनगर, गुजरात की रहने वाली हैं। सारिका जोशी बताती हैं कि उनके पति और बेटी भी शो में साथ आई हैं। केबीसी 17 में सारिका जोशी के पति ने बताया कि उनकी पत्नी पिछले 25 साल से केबीसी का हिस्सा बनने की कोशिश कर रही थीं और अब जाकर उनकी तपस्या पूरी हुई है। सारिका जोशी बिना किसी लाइफलाइन के इस्तेमाल के पहला पड़ाव पार कर लेती हैं और शुरुआती 5 सवालों के जवाब देकर 25 हजार रुपए जीत जाती हैं। सारिका जोशी 3 लाख के सवाल पर कंफ्यूज हो जाती है और फिर वह ऑडियंस पोल लाइफलाइन का इस्तेमाल करती है। इसके बाद वह ऑडियंस के जवाब पर भरोसा करते हुए आगे गेम खेलती है, जो सही उत्तर होता है। 11वें सवाल के लिए सारिका जोशी ने दो लाइफलाइन का इस्तेमाल किया और 7.50 रुपए जीत लिए। 12वें सवाल का भी उन्होंने जवाब दिया। लेकिन, 25 लाख रुपए के 13वें सवाल पर कंफ्यूज हो गईं और उनके पास कोई लाइफलाइन भी नहीं बची थी। 13वां सवाल- किस अमेरिकी राष्टपति की मां लिलियन ने 1960 के दशक में भारत में एक नर्स के रूप में काम किया था? ऑप्शन- ए. जॉन एफ केनेडी, बी. रोनाल्ड रीगन, सी. रिचर्ड निक्सन और डी. जिमी कार्टर।

## 5 कंटेस्टेंट्स पर लटकी बेघर होने की तलवार

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' हमेशा से ही दर्शकों के लिए ड्रामा, इमोशन और सरप्राइज लेकर आता है।



सलमान खान के होस्टिंग वाले इस शो में हर हफ्ते नॉमिनेशन का दौर दिलचस्प होता है। इस बार भी घर के अंदर ऐसा ही हुआ जब नॉमिनेशन प्रक्रिया में बिग बॉस ने एक ऐसा दांव खेला, जिसने सभी प्रतियोगियों के होश उड़ा दिए। शो का माहौल पूरी तरह बदल गया और अंत में पांच कंटेस्टेंट्स पर बेघर होने की तलवार लटक गई। ये सदस्य हैं - अशनूर कौर, बसीर अली, अभिषेक बजाज, नेहल चुडासमा और प्रणित मोरे। इन पांचों को अब दर्शकों के वोट का इंतजार रहेगा। जैसे ही घरवाले सोच रहे थे कि नॉमिनेशन का दौर सामान्य तरीके से खत्म हो जाएगा, तभी बिग बॉस ने माहौल पलट दिया। उन्होंने घरवालों को अमाल और नीलम की बातचीत का एक ऑडियो सुनाया, जिसमें दोनों नॉमिनेशन पर चर्चा करते पकड़े गए थे। यह नियमों के खिलाफ था।

# ट्रैफिक में फंसी एम्बुलेंस को देख जैकी को आया गुस्सा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर करते हुए लोगों पर गुस्सा होते दिखाई दिए। इस वीडियो में वे ट्रैफिक में फंसी एंबुलेंस को देख निराशा जाहिर करते दिख रहे हैं। मुंबई की सड़कों में फंसी एक एंबुलेंस को देख जैकी ने वीडियो बनाते हुए बताया कि लोगों को थोड़ा अधिक संवेदनशील होना चाहिए या फिर एंबुलेंस के लिए अलग से रोड बनाया जाना चाहिए। जैकी श्रॉफ ने वीडियो में चिंता जाहिर करते हुए कहा कि अगर ऐसे ही ये एंबुलेंस यहां फंसी रही तो मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देगा। वीडियो में एक्टर कह रहे हैं कि इन लोगों को तब समझ में आता, जब मरीज की जगह वे खुद होते, लेकिन लोगों में इतनी समझ कहां है। जैकी श्रॉफ ने यह वीडियो अपनी कार से बनाते हुए लोगों को इस मुद्दे की गंभीरता के प्रति जागरूक करने की कोशिश की है। जैकी श्रॉफ समय-समय पर अपने बेबाक अंदाज में लोगों को उनकी जिम्मेदारियों को लेकर सजग करते रहते हैं। सोशल मीडिया पर जैकी लोगों को पर्यावरण को बचाने के लिए भी प्रेरित करते रहते हैं। जैकी श्रॉफ सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। उनकी पोस्ट अक्सर वायरल हो जाती हैं। पिछले सप्ताह फिल्म 'अंगार' के 33 साल पूरे होने पर उन्होंने एक पोस्ट की और इसका जश्न मनाया था. इसकी कुछ अनदेखी तस्वीरें भी जैकी ने साझा की थीं। हाल ही में जैकी श्रॉफ वेब सीरीज 'हंटर-2' में दिखाई दिए थे। इस सीरीज में उन्होंने एक खलनायक की भूमिका निभाई थी। प्रिंस धीमान ने इसे डायरेक्ट किया है। इस सीरीज में सुनील शेट्टी, अनुषा दांडेकर और बरखा बिष्ट जैसे कलाकार भी हैं।



# जब हिंदी सिनेमा के सभी कलाकारों ने देव आनंद की फिल्म को किया रिजेक्ट

## दर्शकों ने बनाया ब्लॉकबस्टर, ऑस्कर में भी दी दस्तक

**नई दिल्ली।** कुछ फिल्में सिनेमाघरों में अपनी अलग कहानी और गानों की वजह से मशहूर हो जाती हैं। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि कुछ फिल्मों की कहानियां दर्शकों को तक उस तरीके से नहीं पहुंच पाती है जैसा डायरेक्टर सोचता है। ऐसे में बहुत बार मेकर्स को काफी नुकसान भी उठाना पड़ता है। लेकिन, आज हम आपको बॉलीवुड की एक ऐसी फिल्म के बारे में बताने वालें जिसे हिंदी सिनेमा के लगभग सभी कलाकारों ने रिजेक्ट कर दिया था। लेकिन, जब यह फिल्म रिलीज हुई तो इसने बंपर कमाई की।

### 1966 में हुई थी रिलीज

हम बात कर रहे हैं कि देव आनंद की फिल्म गाइड की। उनकी यह फिल्म साल 1966 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। गाइड देव आनंद की पहली रंगीन फिल्म है। दरअसल, कहा जाता है कि रिलीज से पहले लगभग पूरी फिल्म इंडस्ट्री गाइड के प्रीमियर में मौजूद थी। जब कलाकारों ने इस फिल्म को देखा तो उन्हें यह फिल्म आम विषय से काफी हटकर लगी थी। ऐसे में कोई भी निर्देशक विजय आनंद को उनके काम के लिए बधाई देने नहीं गया, जिसका उन्हें बुरी भी लगा।



### सात फिल्मफेयर पुरस्कार जीते

लेकिन, जब फिल्म गाइड रिलीज हुई थी तो इसने हाउसफुल ओपनिंग की। हालांकि, कुछ सर्किट को छोड़कर, दर्शकों को फिल्म का अंत समझ न आने के कारण इसकी कमाई में भारी गिरावट आई, लेकिन जब दर्शकों को अंत समझ आया, तो धीरे-धीरे कमाई में सुधार हुआ और देव आनंद की इस फिल्म ने बंपर कमाई। इतना ही नहीं, फिल्म गाइड को ऑस्कर के लिए आधिकारिक एंट्री ली थी और इसने सात फिल्मफेयर पुरस्कार भी जीते थे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म गाइड का बजट करीब 60 लाख रुपए था और इस फिल्म ने दुनियाभर में 5 करोड़ रुपए कमाए थे।

## रामसे ब्रदर्स ने पुराना मंदिर, वीराना, बंद दरवाजा और तहखाना जैसी फिल्में बनाईं

# साढ़े तीन लाख में बनी वो कल्ट फिल्म, रिलीज होते ही निकली सुपरहिट

*मुंबई। 1972 में पर्दे पर एक ऐसी फिल्म आई थी जिसने बॉलीवुड को एक नई दिशा दी। युवाओं में नया क्रेज पैदा किया। सबसे दिलचस्प बात यह है कि फिल्म की शूटिंग 12 रुपए किराए के 7 कमरों में की गई थी। फिल्म ने बजट से 15 गुना कमाई करके सबको चौंका दिया था। यह बॉलीवुड की पहली सुपर हिट हॉरर फिल्म साबित हुई। फिल्म को रामसे ब्रदर्स ने प्रोड्यूस किया था जो बॉलीवुड में हॉरर फिल्म बनाने के लिए जाने जाते हैं। 30 दिसंबर 1972 को रिलीज हुई फिल्म 'दो गज जमीन के नीचे' ने कमाई का नया कीर्तिमान बनाया था। यह रामसे ब्रदर्स की डेब्यू फिल्म थी। इस फिल्म के बाद रामसे ब्रदर्स ने पुराना मंदिर, वीराना, बंद दरवाजा और तहखाना जैसी कई सुपरहिट हॉरर फिल्में बनाईं। फिल्म को प्रोड्यूस किया था एफयू रामसे ने और जबकि डायरेक्शन तुलसी रामसे और श्याम रामसे ने किया था। यह लो बजट की फिल्म थी। बजट सिर्फ साढ़े तीन लाख रुपए था। फिल्म रिलीज होने के बाद हैरतअंगेज रूप से सुपरहिट मूवी साबित हुई थी। फिल्म ने करीब 50 लाख की कमाई की थी।*

### फिल्म को बनाने की प्रेरणा ऐसे मिली

रामसे ब्रदर्स के पिता फतेहचंद्र उत्तमचंद्र सिंघानी की कराची में रेडियो की एक दुकान हुआ करती थी। दुकान का नाम : राम सिंघानी रेडियो एंड इलेक्ट्रिक कंपनी थी। ज्यादातर ग्राहक अंग्रेज होते थे। वो राम सिंघानी नहीं बोल पाते थे, इसलिए यहीं से वो रामसे हो गए। फतेहचंद्र भारत के बंटवारे के बाद मुंबई आ गए। उनके सात बेटे थेः गंगू रामसे, तुलसी रामसे, श्याम रामसे, अर्जुन रामसे, केशु रामसे, कुमार रामसे और किरण रामसे। 1960 के दशक में वो फिल्मों में पैसा लगाने लगे। 'शहीद-ए आजम भगत सिंह और 'रुस्तम सोहराब' जैसी फिल्मों में उन्होंने पैसा लगाया। इसी बीच उन्होंने पृथ्वीराज कपूर और शत्रुघ्न सिन्हा के साथ एक बड़े बजट की फिल्म 'एक नन्ही मुन्नी लड़की थी'में पैसा लगाया। यह फिल्म फ्लॉप हो गई। फतेहचंद्र कर्ज तले दब गए। हालांकि, इस फिल्म के एक हॉरर सीन को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। ऐसे में फतेहचंद्र के मन में हॉरर फिल्में बनाने का आइडिया आया। फिल्म में कोई बड़ा स्टार नहीं होता था।



### बॉलीवुड में हॉरर फिल्मों का क्रेज हुआ शुरू

इस फिल्म के बाद से बॉलीवुड में हॉरर फिल्मों का क्रेज शुरू हुआ। फिल्म को मुंबई के 25-30 थिएटर्स में रिलीज किया गया था। फिल्म के पोस्टर्स में 'भारत की पहली हॉरर फिल्म' लिखा हुआ था। फिल्म की शूटिंग महाबलेश्वर में हुई थी। होटल के 7 कमरे 12 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से किराए पर लिए गए थे।

### 40 दिन में पूरी हुई फिल्म की शूटिंग

फतेहचंद रामसे पूरे परिवार को लेकर कश्मीर गए। दो महीने के लिए हाउस बोट बुक किया। वहां पर '5 सीज ऑफ सिनेमेटोग्राफी'बुक बेटों को पढ़ाई। फिल्म मेकिंग के हर पहलू की ट्रेनिंग दी। फिर मुंबई वापस लौट आए। फतेहचंद रामसे के बड़े बेटे ने भुतही और डरावनी फिल्म बनाने का फैसला किया। नाम था 'दो गज जमीन के नीचे।' फिल्म की शूटिंग 40 दिन में पूरी हुई। बहुत ही कम बजट में यह फिल्म तैयार हुई। सेट पर रामसे ब्रदर्स के घर की महिलाएं खाना बनाती थीं। कैमरे किराए पर लिए थे। फिल्म का प्रमोशन सिर्फ ऑल इंडिया रेडियो ने नाइट शो में किया गया। फिल्म ने रिलीज होते ही तहलका मचा दिया। 45 लाख रुपए का कारोबार किया। यह फिल्म रामसे ब्रदर्स के लिए गेम चेंजर साबित हुई।

## खबर संक्षेप

### सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन बनाने पर स्वागत

**खरखौदा।** विधानसभा क्षेत्र खरखौदा से 5 व्यक्तियों को सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन बनाने पर स्वागत किया गया। मंगलवार को मंडल संयोजक सतेंद्र के आवास पर पांचों व्यक्तियों शिव कुमार फतेहपुर, दिनेश खांडा, नवीन वशिष्ठ, सुनील पांचाल, मंजीत भोला का स्वागत किया गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली के बेटे वीरेंद्र बड़ौली विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### सामूहिक विवाह समारोह दो नवम्बर को होगा

**गन्नौर।** दिल्ली के अलीपुर बारहबांकी, जीटी करनाल रोड स्थित श्री सिद्ध शनि मंदिर में असहाय कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह आगामी 2 नवम्बर रविवार को आयोजित किया जाएगा। जोगेंद्र मान ने बताया कि मंदिर प्रांगण में पिछले 25 वर्षों से लगातार सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अब तक करीब 2200 कन्याओं का विवाह मंदिर की ओर से संपन्न कराया जा चुका है।

### मैस कर्मियों की स्थिति होती जा रही बदतर

**सोनीपत।** सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने कहा कि मुरथल स्थित विश्वविद्यालय में कार्यरत मैस कर्मचारियों की स्थिति दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। अधिकांश कर्मचारी प्रवासी मजदूर हैं, जो 18–20 वर्षों से हॉस्टलों में कार्यरत हैं, लेकिन उन्हें मात्र 11,000 रुपये मासिक वेतन पर 17–18 घंटे काम करना पड़ रहा है। कर्मचारियों की संख्या बेहद कम होने से उन पर काम का अत्यधिक बोझ है।

### एड्स जागरूकता अभियान के तहत बनाई मानव श्रृंखला

**खरखौदा।** कन्या कालेज में प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के निर्देशन तथा इंचार्ज एवं राजकीय कालेज पिपली के एसोसिएट प्रो.डॉ दिनेश नेतृत्व में रेड रिबन क्लब द्वारा एचआईवी/ एड्स के विषय में जागरूकता अभियान के तहत मानव श्रृंखला बनाई। छात्राओं ने महाविद्यालय प्रांगण के पेड़ों को चार्ट्स व रेड रिबन से सजाया। इसके पश्चात 'एचआईवी /एड्स के संक्रमण और इलाज' विषय पर एक वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई।

### विधायक पवन चुने कराटे एसो. के अध्यक्ष

**खरखौदा।** विधायक पवन को हरियाणा स्पोर्ट्स कराटे एसो का अध्यक्ष चुना है। चुनाव पंचकूला के हरियाणा ओलंपिक भवन में 11 सितम्बर को हुआ था। आधिकारिक घोषणा अब की है। निर्वाचित पदाधिकारियों में यश कालरा - वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कृष्ण, सूर्यदेव व कुमारी अंजलि - उपाध्यक्ष, अनूप सिंह - महासचिव, अनिल भारद्वाज, अंकित व कमलेश मेहरा- सह सचिव, मोहित - कोषाध्यक्ष तथा नरवीर मालिक, विवेक सुथार, ललित व जयदेव के नाम शामिल हैं।

### स्टेम डीएलडी विशेषज्ञ सत्र का आयोजन किया

**सोनीपत।** गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में स्टेम डीएलडी विशेषज्ञ सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीएम कॉलेज के डीन डॉ. विशाल जैन ने स्टेम क्षमताओं और 21वीं सदी के कौशलों पर विस्तृत जानकारी दी। सतत विकास लक्ष्यों, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के भविष्य तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में इनके एकीकरण पर प्रकाश डाला।

*क्रिकेट स्टेडियम शेखपुरा में 17 से 22 सितंबर तक आयोजन*

# हरियाणा सिलेब्रिटी लीग की शुरूआत आठ टीमों के बीच होगा कड़ा मुकाबला

*सोनीपत प्रशासन व हरियाणा सिलेब्रिटीज के बीच फ्रेंडली मैच से होगी शुरूआत*

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बड़ौली होंगे मुख्यातिथि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

हरियाणा सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग के चौथे सीजन की शुरुआत युनिक क्रिकेट स्टेडियम शेखपुरा में 17 से 22 सितंबर तक होगी। इस प्रतियोगिता में 8 टीमें शामिल होंगी, जिनमें विभिन्न क्षेत्रों के कलाकार खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता की शुरूआत फ्रेंडली मैच से होगी जो सोनीपत प्रशासन व हरियाणा सिलेब्रिटीज के बीच होगा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली बतौर मुख्यातिथि व हरियाणा सरकार में ओएसडी विरेंद्र बढ़खालसा और उपायुक्त सुशील विशिष्टातिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। प्रेसवार्ता करते हुए प्रतियोगिता के आयोजक एवं गन्नौर घातक टीम के कप्तान संदीप भारद्वाज ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं। 4-4 टीमों को पूल ए व पूल बी में विभाजित किया गया है। प्रत्येक दिन तीन मैच खेले जाएंगे। 21 सितंबर को दो सेमिफाइनल मैच खेले जाएंगे। 22 सितंबर को प्रतियोगिता का फाइनल मैच होगा। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण के लिए प्रत्येक मैच का पहला आवर महिला खिलाड़ी द्वारा फैंका जाएगा और बैटिंग भी महिला खिलाड़ी द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर अजय गोयल, संदीप सिंघल, दीप धनखड़, हरियाणवी सिंगर सुशील मस्ताना, अमित आदि मौजूद रहे।



प्रेसवार्ता कर क्रिकेट लीग के बारे में जानकारी देते गन्नौर घातक टीम के कप्तान संदीप व साथ में दूसरी टीमों के कप्तान।

**इन टीमों में मुकाबला**

गन्नौर घातक, सोनीपत सूरमा, चंडीगढ़ चैलेंजर्स, अंबाला अटैकर्स, पानीपत पैंथर्स, जींद जिगरीज, गुरूग्राम लायंस व फरीदाबाद फाइटर्स के बीच मुकाबला होगा।


**खरखौदा।** खिलाड़ियों का स्वागत करते प्रताप स्कूल प्रबंधन। *फोटो :हरिभूमि*

**प्रताप स्कूल ने जीते चार पदक**

**खरखौदा।** प्रताप स्कूल, खरखौदा के खिलाड़ियों ने सीबीएसई नेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में चार कांस्य पदक जीतकर हरियाणा प्रदेश, सोनीपत जिले और अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। उक्त प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश के इटावा में आयोजित हुई। अंडर -17 वर्ग में कुशल दहिया (-68 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता। वहीं अंडर -19 वर्ग में नितेश खत्री (-51 किग्रा), प्रिंस देसवाल (-63 किग्रा) और अमन डागर (+78 किग्रा) ने कांस्य पदक अपने नाम किए। विद्यालय प्रांगण में विजेता खिलाड़ियों का स्वागत द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया और एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया व कोच देवराज द्वारा किया गया। प्रधान वेदप्रकाश दहिया व संस्थापक सतप्रकाश दहिया ने विजेता खिलाड़ियों को विशेष रूप से बधाई दी। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने कहा कि प्रताप स्कूल हमेशा से शिक्षा और खेल के संतुलित विकास में विश्वास करता है। विजेता खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोचों और विद्यालय प्रबंधन को दिया।


**गोहाना।** पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते शिक्षकगण। *फोटो :हरिभूमि*

# मेधावी खिलाड़ी लक्ष्य और योगेश ने जीता स्वर्ण पदक

- सोनीपत में सम्पन्न जिला स्तरीय प्रतियोगिता में दिखाया अपना दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शहर के मुख्य बाजार के समीप स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 2 मेधावी खिलाडियों ने स्वर्ण पदक और एक ने कांस्य पदक जीतकर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। सोमवार को तीनों खिलाडियों को विद्यालय के प्राचार्य सतेंद्र दहिया ने प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया।

**ये रहे विजेता**

जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा 14 सितंबर को सोनीपत के सेक्टर-4 के खेल के मैदान में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। खेलों में अंडर-17 आयु वर्ग में कक्षा 10वीं के छात्र लक्ष्य ने 80 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक, अंडर-18 आयु वर्ग में अमनदीप ने 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक और जूजुत्सु प्रतियोगिता में 69 किलोग्राम भारवर्ग में योगेश ने स्वर्ण पदक हासिल किया। पदक विजेताओं को प्राचार्य सतेंद्र दहिया, डीपीई जगविजय लठवाल, नरेश कुमार, बलराज, सुदेश, दीपिका मलिक और सरोज ने आशीर्वाद दिया।

**जाली दस्तावेज़ों से दुकान हड़पने का आरोप**

**खरखौदा।** अनाज मंडी खरखौदा में दुकान के स्वामित्व को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। करनाल निवासी मिनाक्षी बंसल ने अपने भाइयों कपिल गोयल, योगेश गोयल और उनकी पत्नी दिव्या पर जाली दस्तावेज़ तैयार कर धोखाधड़ी से दुकान हड़पने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। भुक्तभोगी का कहना है कि अनाज मंडी खरखौदा में दुकान नंबर -5 पहले उसके पिता श्याम लाल के नाम थी। जिनका वर्ष 2008 में निधन हो गया था। बाद में उनके चार वारिसों में से उनकी माता कृष्णा देवी की मृत्यु के बाद तीन वारिस – कपिल गोयल, योगेश गोयल और मिनाक्षी रह गए। मिनाक्षी का आरोप है कि भाइयों ने उसे आश्वासन दिया था कि उसका हिस्सा उसे मिल जाएगा, लेकिन बाद में जाली हस्ताक्षर कर शपथ पत्र और हलफनामा तैयार कर लिया गया। इसी आधार पर 29 अक्टूबर 2021 को दुकान की कन्वेंस डीड कपिल गोयल के नाम करवाई गई। मात्र 18 दिन बाद ही 17 नवंबर 2021 को दुकान सुनीता नामक महिला को बेच दी गई। मिनाक्षी का कहना है कि उसने कभी कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दिया था ।

# साइबर सुरक्षा से जुड़े व्यावहारिक उपायों की छात्रों को जानकारी दी

*जैन विद्या मंदिर में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जैन विद्या मंदिर सीनियर सैकेंडरी विद्यालय के ऑडिटोरियम में शिक्षकों हेतु साइबर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बसंत चौहान (एसएचओ, साइबर सेल) सोनीपत तथा चांद (मुख्य सिपाही, साइबर सेल) सोनीपत ने शिक्षकों को संबोधित किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार ज़रूरतें धीरे-धीरे लालच में बदल जाती हैं और यही साइबर अपराधों का एक प्रमुख कारण बनती हैं। साथ ही उन्होंने शिक्षकों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, सतर्कता और साइबर सुरक्षा से जुड़े व्यावहारिक उपायों की भी जानकारी दी। विद्यालय के प्रधान राकेश जैन, प्राचार्या डॉ. नीरू एवं प्रबंधक समिति ने अतिथियों का स्वागत किया और उनके मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।


जैन विद्या मंदिर में कार्यक्रम के दौरान विद्यालय स्टाफ के साथ पुलिस अधिकारी।

# युवाओं के पास रोजगार की अपार सम्भावनाएं

*राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जिलास्तरीय उद्यमिता पखवाड़ा का आयोजन*

- पखवाड़े का उद्देश्य युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को जिलास्तरीय उद्यमिता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस पखवाड़े का उद्देश्य युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित करना है, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना तथा स्वरोजगार के अवसरों से परिचित कराना है। जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुंभारभ अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि उद्यमिता केवल रोजगार पाने का साधन नहीं है बल्कि यह दूसरो के लिए रोजगार उपलब्ध कराने का मार्ग भी प्रशस्त करती है। भारत जैसे विकासशील देश में युवाओं के पास अपार सम्भावनाएं है जिन्हें सही मार्गदर्शन और संसाधनों से सशक्त किया जा सकता हैं और रोजगार के नए-नए अवसर पैदा किए जा सकते हैं। कार्यक्रम में जिला समन्यवक अधिकारी कम प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने बताया कि उद्यमिता पखवाडा कार्यक्रम का आयोजन जिले के सभी शिक्षण संस्थानों के जिन छात्रों ने स्लोगन, पोस्टर मेंकिग तथा आइडिया प्रतियोगिता में प्रतियोगिताओ में भाग लिया था।


**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर सहायक आयुक्त प्रशिक्षणाधीन योगेश दिल्हौर, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, राजकीय महिला कॉलेज सोनीपत के प्रिंसिपल नरेश आंतिल, राजकीय कॉलेज पीपली की प्रिंसिपल डॉ. तराना नेगी, मेजर संजय श्योराण, हरेन्द्र राठी, सुरेश कुमार, सुनील दत्त, सुनील मलिक, मुकेश नेहरा, सुभाष चन्द्र, सुरेन्द्र कुमार, दीपक कुमार, अक्षय, मंजीत, रमेश, सीमा देवी, सुनील कुमारी, पुष्पा, मूर्ति, मीनू, मीना, ज्योति व आईटीआई का समस्त स्टाफ आदि मौजूद रहे।

# वार्ड वासियों ने रोका गली निर्माण का काम

- ठेकेदार पर मनमानी का आरोप लगाया,एसडीएम को दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

शहर की पीपल वाली गली जो करीब 22 फुट चौड़ी है। इस गली के निर्माण किया जाना है। ठेकेदार पर मनमानी का आरोप लगाते वार्ड वासियों ने निर्माण को रोक दिया है और मामले की शिकायत एसडीएम को दी है। वार्ड वासियों का कहना है कि गली कई स्थानों से टूटी हुई थी, जिसे नए सिरे से बनाने का काम शुरू किया गया। गली में नई टाइलें लगाई जानी थी, लेकिन ठेकेदार गली में मिट्टी डालकर फिर टाइलें लगाने का काम करना चाहता है, जिसके विरोध में वार्डवासी उतर आए हैं। उनका कहना है कि मिट्टी डालने से गली ऊंची उठ रही है। जबकि गली पहले ही अपेक्षाकृत ऊंची है। इसलिए पहले वाली मिट्टी को ही ड्रेसिंग करके गली बनाई जाए और गली ऊंची ना उठाई जाए। वार्ड वासियों की शिकायत पर जब काम नहीं रोका गया तो आक्रोशित वार्ड वासियों ने पहले तो काम रूकवाया और इसके बाद जांच की मांग को लेकर एसडीएम डा. निर्मल नागर से मिले। उन्होंने तुरंत नगरपालिका सचिव को निर्देश जारी करते कहा कि काम शहर वासियों के मुताबिक होने चाहिए।

# छात्राओं को जोनल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए तैयारी करने को प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना की छात्राओं ने जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया। महाविद्यालय की टीमों ने दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। अब दोनों टीमें जोनल स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगी। प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह ने विजेता छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया।

प्रतियोगिता में महाविद्यालय गोहाना से दो टीमों ने भाग लिया। एक टीम ने दूसरा और दूसरी टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्राओं से भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान एवं सामान्य विज्ञान पर आधारित प्रश्न पूछे गए। छात्राओं ने आत्मविश्वास और तत्परता से उत्तर दिए। प्राचार्य ने कहा कि छात्राओं ने साबित किया कि परिश्रम और लगन से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं को जोनल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए तैयारी करने को प्रेरित किया। इस मौके पर टीम इंचार्ज डा. रेख देवी व अन्य प्राध्यापक रहे।


विजेता छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देते प्राचार्य सतवीर सिंह। फोटो : हरिभूमि


**सोनीपत।** बैठक में मौजूद यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

**इजरायल के हमले की निंदा**

**सोनीपत।** केंद्रीय मजदूर संगठन-ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर जिला कमेटी सोनीपत की एक मीटिंग हुई। जिसमें इजरायल द्वारा फिलिस्तीन-गजा के निर्दोष नागरिकों, बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों की हत्या किये जाने की कड़ी निंदा करते हुए मांग की गई कि इजरायल-अमेरिका गजा से दूर हटे। विश्व मजदूर संगठन-वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ ट्रेड यूनियन्स ने पूरी दुनिया के मजदूर संगठनों सचेत नागरिकों से यह आह्वान किया है कि 15 सितंबर से 22 सितंबर तक फिलिस्तीन के समर्थन में भाईचारा सप्ताह मनाया जाए। इसी आह्वान पर 21 सितंबर को सोनीपत में इजरायली अत्याचार, जुल्म, हत्याओं के खिलाफ महलाना चौक पर प्रदर्शन के माध्यम से आवाज उठाई जाएगी। बैठक में राज्य सचिव हरि प्रकाश,जिला सचिव बलबीर सिंह, इंदर सिंह, नरेंद्र दहिया, प्रताप सिंह,राज सिंह, निरंजन, ऋषिपाल आदि मीटिंग में उपस्थित रहे।

# डिजिटल युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा में एआई की बढ़ती उपयोगिता और इसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर गहन चर्चा हुई। कार्यक्रम में गेटवेज़ इंटरनेशनल स्कूल की विशेष शिक्षिका दीप्ति ने मुख्य वक्ता पहुंची और जागरूक किया। उन्होंने शिक्षकों को ए आई की मूलभूत अवधारणाओं से अवगत कराया और बताया कि किस प्रकार ए आई आधुनिक शिक्षा प्रणाली को नई दिशा प्रदान कर रहा है। दीप्ति ने ए आई संचालित शिक्षण उपकरणों, व्यक्तिगत शिक्षण पद्धतियों और भविष्य की शिक्षा में ए आई की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी समझाया कि इससे विद्यार्थियों की सीखने की गति और रुचि को बढ़ाया जा सकता है। उनके अनुसार, आने वाले समय में शिक्षा और तकनीक का यह मेल विद्यार्थियों को और अधिक सक्षम बनाएगा। स्कूल के प्रिंसिपल जय भारत गुप्ता ने कहा कि आज के डिजिटल युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है।


विशेष शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षक।

**कार्यक्रम** नंदवानी नगर स्थित शिव वाटिका में ज्ञान यज्ञ अमृत प्रवाह का दूसरा दिन

# श्रीमद् भागवत केवल पुस्तक नही साक्षात श्रीकृष्ण स्वरुप: पं. विनय

*कथा सुनना समस्त दान, व्रत, तीर्थ, पुण्यादि कर्मो से बढ़कर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शिव मन्दिर (शिव वाटिका) नंदवानी नगर सोनीपत में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को दूसरे दिन हिमाचल से पधारे पंडित विनय शर्मा ने राजा परीक्षित के जीवन प्रसंग, सुखदेव जी का जन्म, ध्रुव चरित्र, कपिल अवतार, और शिव-सती प्रसंग जैसे विषयों को सुनाया जाता है। इस दिन कथावाचक ज्ञान, भक्ति और वैराग्य पर जोर देते हुए, अच्छे कर्मों के महत्व और भगवान के प्रति समर्पण की शिक्षा देते हैं, जिससे भक्तों को मोक्ष और आनंद की प्राप्ति होती है।


**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण। *फोटो :हरिभूमि*

**ये रहे मौजूद**

उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत केवल पुस्तक नही साक्षात श्रीकृष्ण स्वरुप है। इसके एक एक अक्षर में श्रीकृष्ण समाये हुये है। उन्होंने कहा कि कथा सुनना समस्त दान, व्रत, तीर्थ, पुण्यादि कर्मो से बढ़कर है। कथा सुनकर पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा के मध्य में मेरी लगी श्याम संग प्रीत भजन सुनकर भक्त आत्मसात हो गये। भागवत जी कहती है कि धन्य वह नही जिसके पास धन दौलत अधिक हो। धन्य तो वह जो निर्धन होते हुये भी ठाकुर का चिन्तन, भक्ति करें। ऐसे भक्तों पर ठाकुर की कृपा सैदव रहती है। कथा सुनकर पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इस मौके पर प्रधान सीताराम भारद्वाज, यजमान ओम प्रकाश, सहित आनन्द, शुकन भारद्वाज, कृष्णा आर्या, बिन्दु, राजवन्ती राठी, लता चावला, नीरू, बबली, सुनैना, भारती, नीलकण्ठ शर्मा, ओम प्रकाश, दर्शन आहुजा, नरेश सैनी, सुभाष हसीजा, मनोहर लाल छाबडा, करण सिंह सेतिया, सुदर्शन लाल, सुरेश, राजकुमार भटेजा, राजेश, पुनित शर्मा, रिघम, ललितभुटानी आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### उद्यमिता पखवाड़े में छात्रों ने जीती प्रतियोगिताएं

**सोनीपत।** राजकीय आईटीआई, सोनीपत में उद्यमिता पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और आईडिया प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 90 से अधिक विद्यालयों, आईटीआई और कॉलेजों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

हिंदू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, सोनीपत के छात्रों ने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया।

### विद्यार्थियों को दिलाई नियम अनुपालना की शपथ

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज के रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में एक निजी स्कूल में रोड सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्लब की संयोजक डॉ. स्मिति अग्रवाल के निर्देशन में प्राध्यापिका वंदना सचदेवा, डॉ. कुसुम तथा छात्राओं खुशी और उर्वशी ने किया। कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई और लगभग 150 विद्यार्थियों को नियमों की अनुपालना की शपथ दिलाई गई। प्राध्यापिकाओं ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण नियमों की अवहेलना है, इसलिए सभी को ईमानदारी से नियमों का पालन करना चाहिए।

### व्यायामशालाओं की कमियां दूर करने के दिए निर्देश

**खरखौदा।** एसडीएम डा. निर्मल नागर ने आयुष विभाग और खंड विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें एसडीएम ने निर्देश दिए कि सभी व्यायामशालाओं में जो-जो खामियां हैं, उन सभी खामियों को दूर किया जाए। ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण व्यायाशालाओं में योगा करने के लिए आएं, इसके लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए। गांव सरपंच के साथ समन्वय स्थापित करके ग्रामीणों को योगा के प्रति जागरूक करें। कई व्यायामशालाओं में साफ सफाई नहीं है, इस ओर ध्यान दिए जाने के आदेश दिए गए।

## सेंसस ग्रुपिंग आकलन के दूसरे दिन 13,665 ने दी परीक्षा

# गणित विषय के आकलन में 90% से ज्यादा छात्र रहे मौजूद

### प्रशिक्षित टीजीटी और पीजीटी को सौंपी गई थी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शिक्षा विभाग द्वारा करवाए जा रहे सेंसस ग्रुपिंग आकलन के दूसरे दिन जिलेभर के राजकीय विद्यालयों में कक्षा दूसरी व तीसरी के विद्यार्थियों का गणित विषय में मूल्यांकन कराया गया। इस अवसर पर 90 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति दर्ज कराकर सोनीपत जिले ने उत्कृष्ट मिसाल कायम की। कुल 15253 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 13665 ने परीक्षा दी। आकल कार्य के लिए प्रशिक्षित टीजीटी और पीजीटी शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जिन्होंने इसे पूरी लगन से निभाया। विभाग जल्द ही इस मूल्यांकन का परिणाम घोषित करेगा, जिससे विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। इस मौके पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रचना बाना ने पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि 90 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति शिक्षकों के सकारात्मक दृष्टिकोण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।



**सोनीपत।** गणित विषय के मूल्यांकन के दौरान लिवान में निरीक्षण करती शिक्षा अधिकारी।

#### मुंडलाना खंड सबसे आगे

शिक्षा अधिकारियों ने जानकारी दी कि सबसे अधिक उपस्थिति खंड मुंडलाना में दर्ज हुई, जहां 92.91 प्रतिशत विद्यार्थियों ने आकलन दिया। इसके बाद कथुरा में 92.08 प्रतिशत, गोहाना में 91.30 प्रतिशत, खंड सोनीपत में 91.01 प्रतिशत, खरखोदा में 90.47 प्रतिशत, गन्नौर में 88.56 प्रतिशत और राय में 87.32 प्रतिशत छात्रों ने भाग लिया।

#### 422 स्कूलों में प्रक्रिया संपन्न

पूरे जिले के 422 विद्यालयों में एक साथ हुए इस आकलन के दौरान प्रशासनिक स्तर पर व्यापक निगरानी की गई। जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रचना बाना, जिला परियोजना समन्वयक सुजाता खत्री, उप जिला शिक्षा अधिकारी मंजू गर्ग, अनिल श्योराण सहित सभी खंड शिक्षा अधिकारी, रिसोर्स कोऑर्डिनेटर और क्लस्टर हेड्स निरीक्षण के लिए विद्यालयों में पहुंचे। इस दिन 194 विद्यालयों में ऑब्जर्वर्स द्वारा आकलन प्रक्रिया की समीक्षा की गई।

## संस्कृत विश्व की सबसे प्राचीन एवं प्रसिद्ध भाषा : प्राचार्या मंजुला

### जीवीएम कन्या कॉलेज में राष्ट्रीय संस्कृत संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जीवीएम कन्या महाविद्यालय सोनीपत के तत्वाधान में संस्कृत विभाग की ओर से मंगलवार को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र का शुभारंभ संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परुथी, प्राचार्य डॉ. मंजुला स्पाह, उप प्राचार्य डॉ. सुमन नासा, डॉ. वंदना मलिक व डॉ. नवीन कुमारी ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस एक दिवसीय राष्ट्रीय संस्कृत संगोष्ठी का विषय 'वैदिक परिप्रेक्ष्य में 21वीं सदी के सन्दर्भ में महर्षि वाल्मीकि रामायण का विश्लेषण' रहा। प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृत भाषा विश्व की सबसे प्राचीन एवं प्रसिद्ध भाषा है।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को सम्मानित करते हुए।

#### ये रहे मौजूद

अंत में औपचारिक धन्यवाद की परम्परा निभाते हुए डॉ. नवीन कुमारी से प्राचार्थ मातुला स्वाहा ने आमंत्रित मुख्यातिथियों का धन्यवाद किया। संगोष्ठी में डॉ. नीति, डॉ. सुशीला, डॉ. संगीता, कुसुम कुमारी, बबीता, गरिमा एकता, डॉ. प्रगति, ज्योत्सना उपस्थित रहे।

### यज्ञ, भजन के साथ दिए प्रवचन

**सोनीपत।** आर्य समाज सेक्टर 14 सोनीपत में 39वें वार्षिकोत्सव के द्वितीय दिवस का कार्यक्रम संस्था प्रधान रवीन्द्र आर्य की अध्यक्षता और आचार्य संदीप दर्शनाचार्य के ब्रह्मत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य वैदिक प्रवक्ता के रूप में मेरठ से आचार्य वेदपाल आर्य और संगीतरत्न के रूप में पानीपत से राम निवास आर्य को आमंत्रित किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य संदीप दर्शनाचार्य ने बताया कि अग्निहोत्र एवं यज्ञ ही सर्वश्रेष्ठ कर्म हैं। यज्ञ का व्यापक अर्थ प्राणिमात्र का कल्याण करना है, अर्थात ऐसे सभी कार्य जो दूसरों को प्रसन्नता दें और स्वयं के अंतःकरण को संतुष्टि प्रदान करें, यज्ञीय कहलाते हैं और परमेश्वर उन्हें स्वीकार करते हैं। मंच संचालन का दायित्व संस्था महासचिव रविन्द्र कुकरेजा ने निभाया। यज्ञोपरांत संगीतरत्न राम निवास आर्य ने प्रभु भक्ति, आध्यात्मिक विषयों, स्वामी दयानन्द सरस्वती के जीवन, पारिवारिक, सामाजिक और देशभक्ति से जुड़े प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

## टूटे रोड पर बैठकर किया हनुमान चालीसा का पाठ



**सोनीपत।** टूटे हुए रोड को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए।

**सोनीपत।** शहर और ग्रामीण क्षेत्र में टूटे हुए रोड के खिलाफ जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने अनोखे ढंग से विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने 23 सेक्टर चौक पर अपनी गाड़ी बीच सड़क पर खड़ी कर टूटे हुए रोड के बीच बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया और भगवान से प्रार्थना की कि आम जनता की सुरक्षा भगवान करें क्योंकि अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं। संजय बड़वासनिया ने कहा कि महलाना रोड और काकरोई रोड पूरी तरह जर्जर हालत में हैं, जिनसे होकर रोजाना दर्जनों ग्रामीण गुजरते हैं और दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। बारिश ने ग्रामीण इलाकों के सभी रोड़ों की पोल खोल दी है, लेकिन ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत से घटिया सामग्री का प्रयोग कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायतें दी गईं और भ्रष्टाचार की जांच की मांग की गई, यहां तक कि मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन अभी तक किसी अधिकारी या ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई।



**सोनीपत।** डीपीओ को ज्ञापन सौंपते हुए संघ के प्रतिनिधि।

### मान्यता लेने के लिए बनाया जा रहा अनावश्यक दबाव, समाधान की मांग

**सोनीपत।** हरियाणा संयुक्त विद्यालय संघ (हुसा) सोनीपत का एक प्रतिनिधिमंडल आज जिला प्रधान राजेंद्र गाहल्याण की अध्यक्षता में महिला एवं बाल कल्याण विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) प्रवीण कुमारी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने प्ले स्कूलों से संबंधित गाइडलाइन तथा निजी स्कूलों पर मान्यता लेने के लिए बनाए जा रहे अनावश्यक दबाव के विषय में विस्तार से चर्चा की और प्रमाणस्वरूप आवश्यक दस्तावेज डीपीओ को सौंपे। डीपीओ प्रवीण कुमारी ने स्कूल प्रतिनिधियों को उनकी समस्याओं के स्थाई समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन स्कूलों को पहली से पांचवीं, आठवीं, दसवीं या बारहवीं तक की स्थाई मान्यता प्राप्त है, उन पर प्ले स्कूल गाइडलाइन लागू नहीं होती, क्योंकि वे पहले से ही आरटीई 2009 के अंतर्गत नर्सरी या पीपी-01 के बच्चों को पढ़ा रहे हैं।

## पहले गठित की कार्यकारिणी फिर किया प्रदर्शन

- एचएसवीपी में हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच की कार्यकारिणी का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच से संबद्ध हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच, एचएसवीपी जिला कमेटी सोनीपत की चुनावी सभा आज प्रातः 11 बजे एचएसवीपी परिसर, सेक्टर-15 सोनीपत में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरके नागर, प्रदेश अध्यक्ष हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन एवं हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के प्रदेश महासचिव ने की। चुनाव प्रक्रिया की देखरेख राज्य प्रधान महावीर नागर तथा राज्य महासचिव टीनू मदान ने की।




**सोनीपत।** एचएसवीपी में नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए।

### धरने में जन स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया

*चुनाव सभा के उपरांत दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक नवगठित कमेटी की अगुवाई में एचएसवीपी कार्यालय गेट, सेक्टर-15 सोनीपत पर धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान एचएसवीपी के कच्चे कर्मचारियों और हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और सरकार के खिलाफ जोरदार मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही उनकी जायज मांगों पर विचार नहीं किया तो आंदोलन और भी उग्र किया जाएगा।*



**गन्नौर।** मनिन्दरजीत सिंह बिट्टा का स्वागत करते हुए प्रधानाचार्या भूषण भाटिया, उप प्रधानाचार्या शालिनी जैन।

### सीसीएएस जैन विद्यालय में पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता एम.एस. बिट्टा

**गन्नौर।** सीसीएएस जैन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गन्नौर में मनिन्दरजीत सिंह बिट्टा (एमएस बिट्टा) राष्ट्रवादी सामाजिक कार्यकर्ता ने आध्यात्मिक भाव को महत्त्व देते भगवान आदिनाथ का आशीर्वाद लेने के उद्देश्य से विद्यालय का दौरा किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या भूषण भाटिया, उप प्रधानाचार्या शालिनी जैन, डॉ. अंबुज जैन, मोनिका पाराशर एवं अन्य स्टाफ के सदस्यों के द्वारा उनका स्वागत किया। एमएस बीटा ने प्रफुल्लित मन से जैन धर्म की शिक्षाओं पर चर्चा की। उन्होंने अहिंसा, सत्य, जीवित प्राणियों के प्रति करुणा की भावना बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों को आध्यात्मिक ज्ञान ,धार्मिक मूल्य संस्कारों की सीख देने की सराहना की। उन्होंने जैन धर्म की समृद्ध विरासत के महत्त्व पर प्रकाश डाला और सभी को दैनिक जीवन में ईमानदारी विनम्रता और दया के सिद्धांतों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

### उपमंडल अधिकारी ने बीएलओ सुपरवाइजरों को दिए दिशा निर्देश

**खरखौदा।** उपमंडल अधिकारी (नागरिक) डा. निर्मल नागर ने खरखौदा उपमंडल के बीएलओ, सुपरवाइजरों की मीटिंग ली और निर्देश दिए हैं कि सभी बीएलओ 19 सितंबर तक संबंधितों बूथों पर जो मतदाता है उनकी जांच करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि वोटर लिस्ट में उनके पते सही दर्ज है। 2002 से 2024 तक की मतदाता सूची की जांच की जानी है। इस बीच डबल वोटर अथवा मृतक के नाम को सूची से हटाना है। कोई भी ऐसा मतदाता ना हो, जिसका पता गलत हो। फर्जी मतदाताओं को ढूंढना और सूची को स्पष्ट बनाना है। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने संबंधित संस्थानों के मुखियाओं को निर्देश दिए है कि वे खरखौदा के सभी बीएलओ को इस कार्य के लिए रिलीव करें। इस कार्य में किसी संस्थान के मुखिया द्वारा अथवा किसी बीएलओ द्वारा कोई कोताही बरती गई तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर बीएलओ सुपरवाईजरों को आईडी कार्ड भी वितरित किए गए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## हिंदी दिवस पर काव्य गोष्ठी का आयोजन, रचनाओं से बांधा समां

- गीता सैनी ने 'मुझको मेरी हिंदी प्यारी' कविता प्रस्तुत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अखिल भारतीय साहित्य परिषद की सोनीपत इकाई ने हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में अधिवक्ता एवं परिषद उपाध्यक्ष रामधन शर्मा के निवास पर नयी कार्यकारिणी के चुनाव एवं कवि गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इकाई की अध्यक्षा गीतांजलि ग्रोवर ने की तथा पूर्व निदेशक हरियाणा साहित्य अकादमी डॉ. पूरणमल गौड़ मुख्य अतिथि रहे। भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन के उपरांत विवेक कुमार शर्मा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। रामधन शर्मा ने मीराबाई का पद सुनाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कवि गोष्ठी में उपस्थित कवियों ने हिंदी दिवस पर अपनी रचनाओं के माध्यम से समा बांधा। गीता सैनी ने "मुझको मेरी हिंदी प्यारी" कविता सुनाई, जबकि किरन गुप्ता ने "हिंदी जन जन की भाषा है" रचना प्रस्तुत की। प्राचार्या जानकी दास विद्यालय गीतांजलि ग्रोवर ने कहा कि हिंदी हमारी मां और मातृभाषा है, वहीं सरस्वती शर्मा ने हिंदी को ज्ञान और सम्मान का आधार बताया।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### गरीब परिवारों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सोनीपत।** जनवादी महिला समिति ने त्योहारों के अवसर पर गरीब परिवारों की समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। समिति की जिला अध्यक्ष सरजावती, पींकी, अंजू, पार्वती, बबली और मूर्ति के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने यह ज्ञापन सौंपा। नेताओं ने कहा कि दशहरा और दीपावली नजदीक हैं, लेकिन लगातार बढ़ती महंगाई और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में कटौती के कारण गरीब परिवार त्योहार खुशियों से नहीं मना पा रहे। लाखों परिवारों के बीपीएल राशन कार्ड रद्द कर दिए गए हैं, फैमिली आईडी में गड़बड़ियां हैं और राशन डिपो पर वस्तुओं की मात्रा व गुणवत्ता में कमी आई है। समिति ने मांग रखी कि त्योहारों पर राशन डिपो से अतिरिक्त राशन सूजी, चीनी, घी, चावल, दाल, तेल, मसाले आदि उपलब्ध कराए जाएं।

*भगत फूल सिंह महिला विवि में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू*

## गैर शिक्षण कर्मचारी होते संस्थान की रीढ़ : प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में मंगलवार से गैर शिक्षक कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हो गई। विवि के आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ व ट्रेनिंग सेल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 40 कर्मचारियों ने भाग लिया। कुलपति ने कहा कि गैर-शिक्षक कर्मचारी किसी भी शैक्षणिक संस्थान की रीढ़ होते हैं। जिस प्रकार अध्यापक शिक्षण और अनुसंधान कार्यों के माध्यम से विवि की शैक्षणिक प्रगति सुनिश्चित करते हैं उसी प्रकार आप सब प्रशासनिक, प्रबंधकीय और तकनीकी जिम्मेदारियों के माध्यम से विवि के सुचारू संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



**गोहाना।** प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्बोधित करते कुलपति प्रो . सुदेश।

### कार्यक्रम का उद्देश्य नई तकनीकों, और दक्षताओं से आपको परिचित कराना

*कुलपति ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपके कार्यक्षेत्र में नई तकनीकों, आधुनिक प्रबंधन पद्धतियों और दक्षताओं से आपको परिचित कराना है। इस अवसर पर आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. अशोक वर्मा, विवि कंप्यूटर सेंटर की निदेशक डॉ. सोनल बेनीवाल, ट्रेनिंग सेल के नोडल अधिकारी कुलदीप सिंह व प्रशिक्षक सुनील कुमार मौजूद रहे।*

**सौगात** ग्रामीणों ने विधायक कृष्णा गहलावत व मेयर राजीव जैन का किया स्वागत

## गढ़ शहजानपुर में 50 लाख रुपये की लागत से दबाई जाएंगी सीवर लाइन

*जनता की समस्याओं का समाधान करवाना सरकार की प्राथमिकता : मेयर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

गांव गढ़ शहजानपुर में विधायक कृष्णा गहलावत व नगर निगम मेयर राजीव जैन ने 50 लाख रुपए की लागत से दबाई जा रही सीवर लाइन के कार्य का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। विधायक कृष्णा गहलावत व नगर निगम मेयर राजीव जैन का गांव में पहुंचने पर निगम पार्षद रानी प्रवीन सैनी पार्षद, ओमप्रकाश राणा, रविंद्र सैनी, राजपाल सैनी, राधेश्याम सैनी, अनिल आदि ने फूलमालाओं से स्वागत किया।



**राई।** विधायक कृष्णा गहलावत व नगर निगम मेयर राजीव जैन ने सीवर लाइन के कार्य का शुभारंभ करते हुए ।

#### दूषित पानी निकासी का भी समाधान होगा

विधायक कृष्णा गहलावत ने संबोधित करते हुए कहा कि 50 लाख की लागत से दबाई जा रही सीवर लाइन का जल्दी काम पूरा होगा और इसके दबाए जाने के बाद दूषित पानी निकासी का भी समाधान होगा। इस मौके पर निगम पार्षद रेणु प्रवीण सैनी, भाजपा नेता जेपी रेवली, ओम प्रकाश राणा, राजपाल सैनी, राधेश्याम सैनी, अनिल, नीरज रेवली, नीरज आदि उपस्थित रहे।

#### भाजपा सरकार कर रही है हर वर्ग का कल्याण : जैन

नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। जनता की समस्याओं का समाधान करवाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा पेयजल, गंदे पानी की निकासी का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि निगम से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए वह उन्हें अवगत करवाए, समस्या का समाधान करवाया जाएगा।

### पोस्टर मेकिंग में दीपांशु ने मारी बाजी

**सोनीपत।** विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर छोटूराम आर्य महाविद्यालय में भौतिकी विज्ञान विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस दौरान पौधारोपण भी करवाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जेएस फोर द्वारा पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को बताया कि विश्व ओजोन दिवस 2025 की थीम विज्ञान से वैश्विक कारवाई तक जिसका उद्देश्य अनुसंधान के माध्यम से ओजोन क्षरण का पता लगाने, हानिकारक प्रभावों को रोकने तथा ओज़ोन परत की रक्षा के लिए के समन्वित वैश्विक कदम उठाने पर प्रकाश डाला गया है। पोस्टर मेकिंग में दीपांशु प्रथम, दिव्या द्वितीय, अभिषेक तृतीय रहा।